## न्यूज कार्नर

### जनगणना के लिए प्रशिक्षण आज से

**नर्मदापुरम।** आगामी दिनों में शुरू होने वाली जनगणना के लिए प्रगणक और सुपरवाईजर्स नियुक्त किए गए हैं। जिनको आईटीआई नर्मदापुरम के प्रशिक्षण कक्ष में 10, 11 एवं 12 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। नपा के कार्यालय अधीक्षक एवं अतिरिक्त जनगणना अधिकारी योगेश सोनी ने बताया कि जिला जनगणना अधिकारी आयुषी यादव के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आज आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण कक्ष में प्रथम चरण की जनगणना का मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी प्रगणक और सुपरवाइजर्स समय पर उपस्थित हों। प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं सुपरवाहइजरों को आज प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### गेहूं उपार्जन के पहले दिन 201 क्विंटल की खरीद

**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार रबी विपणन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वार जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिले में गेहूँ उपार्जन केन्द्रों की स्थापना की जाकर गुरुवार से उपार्जन कार्य प्रारंभ किया गया।

गुरुवार को तहसील बनखेडी अन्तर्गत उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति देहलावाडा एवं डंगरआई पर कुल 66 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये जिनमें से 10 किसानों से 201 क्विंटल गेहूं की मात्रा का उपार्जन किया गया है। जिले में गुरुवार की स्थिति में कुल 5956 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये है। रबी विपणन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु भुगतान आधार लिंक बैंक खाते में किया जाना है। इस हेतु समस्त कृषक भाईयों से अपील की गई है कि बैंक खाता आधार नंबर से लिंक कराने तथा एनपीसीआई से खाते को मेप कराये जिससे सीधे खाते में भुगतान किया जा सकें।

### अरुण रघुवंशी संभागीय उपाध्यक्ष हुए नियुक्त

**जागरण सोहागपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष भुवनेश्वर दुबे के द्वारा कार्यकारिणी का



विस्तार करते हुए श्री अरुण रघुवंशी शिक्षक सोहागपुर ब्लाक को संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रघुवंशी की इस नियुक्ति पर , राजेश पांडे (शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष) भुवनेश्वर दुवे, महेश तिवारी, अंजू नारोलिया, शैलेन्द्र सिंह तोमर, राकेश रघुवंशी, तरवर सिंह पटेल, राजेश दीक्षित, मैथिलीशरण पटेल ,भरत साहू, अनिरूद्ध शाह , भिंडे जी, हकीम सिंह पटेल के द्वारा बधाई प्रेषित की गई है।

### ईदगाह फीडर से बाधित रहेगा आज विद्युत प्रवाह

**जागरण नर्मदापुरम।** आज प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 के.व्ही. ईदगाह फीडर लाईन पर मैन्टेनेंस किया जाएगा जिसके चलते मेंटेनेंस के दौरान खोजनपुर, ईदगाह, बीटीआई. वान्या ढाबा के पीछे, ईदगाह बस्ती, परमश्री गार्डन के आसपास का क्षेत्र आदि क्षेत्र की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा। कार्य की प्रवृत्ति को देखते हुए विद्युत बंद रहने के समयवाधि बढ़ाई जा सकती है।

#### कमिश्नर ने की विभिन्न विभागों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा

# किसान मूंग की जगह उड़द की फसल लगाएं शासन द्वारा बोनस भी दिया जाएगा : कमिश्नर

**जागरण नर्मदापुरम।** संभाग कमिश्नर केजी तिवारी ने नर्मदापुरम संभाग के किसानों से आग्रह किया है कि वह मूंग की जगह उड़द की खेती करें, उड़द की फसल लगाने पर शासन द्वारा बोनस 600 रुपए देने का भी प्रावधान किया गया है। शासन भी उड़द की फसल को प्रोत्साहित कर रही है। कमिश्नर ने कहा कि किसान प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर भी आकर्षित हो और प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने की और अग्रसर हो। उन्होंने फसल कटाई प्रयोग, मृदा परीक्षण, नरवाई का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने के चलते गेहूं का बंपर उत्पादन होगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग के अधिकारी गण नरवाई जलने की घटनाओं की प्रभावी तरीके से रोकथाम करें। उन्होंने आगामी खरीफ की फसल के लिए भी अभी से सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही निर्देश दिए कि किसानों को प्रमाणिक बीज ही प्राप्त हो। किसी भी स्थिति में अमानक बीजों का वितरण किसानों को ना होने पाए। उक्त बात कमिश्नर श्री तिवारी ने गुरुवार को कृषि विकास विभाग, सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, उघानिकी विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में कही। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकासनवल मीणा सहित संभागीय



अधिकारी गण उपस्थित रहे।

कमिश्नर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए स्वाईल कार्ड वितरण की अदयतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही सब्सिडी के संबंध में किसानों को अवगत भी कराते रहे। बताया गया की शीघ्र ही विभाग द्वारा ऋणी एवं अऋणी किसानों के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। बताया गया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ाना देने के उद्देश्य से शासन द्वारा नर्मदापुरम को 6 हजार, हरदा को 3750 और बैतूल को लगभग 6 हजार किसानों का लक्ष्य दिया था जिसे पूरा कर लिया गया है आज इतने किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कमिश्नर ने व्यापक पैमाने पर जलाई जा रही नरवाई की घटनाओं को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। बताया गया कि अब तक हरदा में 1204 बैतूल में 91 एवं नर्मदा पुरम में लगभग 3 हजार नरवाई जलने की घटना सामने आ चुकी है।

सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान बताया कि नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल में राजस्व वसूली के प्रकरण शेष हैं। कुछ वसूली के प्रकरण तहसीलदार के यहां पेंडिंग है। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की वसूली के प्रकरण में तेज गति से कार्य करते हुए शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पैक्स समिति के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। बताया गया कि सभी पैक्स समितियों का कंप्यूटराइजेशन किया गया है। नवीन समिति भी बनाई गई है लेकिन अभी वहां पर कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जैसे ही शासन के निर्देश प्राप्त होंगे कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कमिश्नर ने सभी सहकारिता अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रति 3 माह में आयोजित होने वाली डीसीडीसी की बैठक आयोजित करवा लें।

कमिश्नर ने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की जिन जिलों में स्मार्ट फीश पार्लर बनाए जाने हैं वहां पर स्मार्ट फीश पार्लर का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। कोई भी कार्य न रुके। जहां जमीन की आवश्यकता है वहां पर कलेक्टर के माध्यम से जमीन आवंटित कराई जाए। उन्होंने मत्स्य किसानों की सतत रूप से केसीसी बनाने के निर्देश दिए।

उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान बताया कि प्रभात पट्टन एवं मुल्ताई में उघानिकी विभाग का रकबा बढ़ाया गया है यहां के किसान अब पत्ता गोभी की खेती व्यापक स्तर पर कर लाभ कमा रहे हैं। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने चलित पशु एंबुलेंस 1962 के कार्यों की सराहना की। उपसंचालक डॉक्टर नेमा ने बताया कि पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण एवं पशु उपचार दिए लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत कर लिया गया है। उन्होंने अनुदान प्राप्त गौशालाओं की जानकारी से कमिश्नर श्री तिवारी को अवगत कराया ।

## जनसुनवाईः नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने सुनी नागरिकों की समस्या



**जागरण नर्मदापुरम।** प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में गुरुवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वारा संयुक्त रूप से सुनवाई की गई। जनसुनवाई में एक बुजुर्ग महिला द्वारा अपनी पेंशन बंद होने पर आवेदन दिया गया। जिस पर जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा पेयजल संबंधी, नाली सफाई, नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने और कालोनी में कचरा गाड़ी पहुंचाने की मांग संबंधी आवेदन आए। जिनका समाधान किया गया।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज उनके द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई करते हुए आमजन की अनेक समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। रजनी यादव द्वारा फेफरताल स्थित एक कालोनी में कचरा गाड़ी पहुंचाने संबंधी मांग पत्र दिया गया जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई। नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने नपा के अधिकारी कर्मचारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति जनसुनवाई में आवेदन लेकर आता है उस पर तत्काल कार्रवाई कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता सहित नगरपालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इनरव्हील क्लब रॉयल में ममता शर्मा बनी अध्यक्ष, कविता करैया सचिव




**जागरण नर्मदापुरम।** अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्था रोटरी क्लब की महिला विंग इनरव्हील क्लब नर्मदपुरम् रॉयल का गठन गुरुवार को डिस्ट्रिकट प्रेसिडेंट विभा सिंह, पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन शशि शुक्ला, मधु सारण, कलेक्टर सोनिया मीना, नपा अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, समाजसेवी मांडवी शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ममता शर्मा अध्यक्ष, कविता करैया सचिव, विनंती जैन कोषाध्यक्ष, रीति जैन आईएसओ, रीना चौकसे मीडिया प्रभारी चुनी गई। मुख्य अतिथि कलेक्टर सोनिया मीना ने इनरव्हील क्लब की सदस्यों को बधाई देते हुए सभी को शासन की योजनाओं एवं कार्यो की जानकारी देते हुए उनसे जुड़ने का आवहान किया। वही डिस्ट्रिक प्रेजिडेंट श्रीमती सिंह द्वारा इनरव्हील के उद्देश्यों को बताते हुए सभी से इन कार्यो को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शहर की मेधावी छात्रा नंदिनी मांझी को सेवाभावी कार्यक्रम के तहत सायकल प्रदान की गई। नपा अध्यक्ष नीतू यादव ने इनरव्हील क्लब के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि वे भी क्लब के कार्यो से अत्यंत प्रभावित है और उन्होंने ने भी क्लब की सदस्यता ग्रहण की। श्रीमती सिंह ने उन्हें पिन लगाकर सदस्यता प्रदान की। मेघा हरने, आरती चौकसे, आरती फौजदार, आरती पारे, नीतू दुबे, रिचा शर्मा, पूजा मिश्रा, सहित इनरव्हील क्लब की नवनियुक्त सदस्य रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के अध्यक्ष अनुपम दुबे आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने स्थल निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**जागरण नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 16 अप्रैल को नर्मदापुरम जिले की सिवनीमालवा तहसील में कार्यक्रम प्रस्तावित है। वे सिवनीमालवा में आयोजित होने वाली आमसभा के माध्यम से जनहितैषी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने पूरे प्रशासनिक अमले के अधिकारियों के साथ सभा स्थल के लिए चिन्हित स्थल एवं हेलीपैड आदि का मौका निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उन्होंने कृषि उपज मंडी प्रांगण के सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की संभावित रूपरेखा के अनुसार तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा किए जाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि कार्यत्रक्रम की तैयारी के लिए भोपाल से आने वाली टीम को स्थानीय सहयोग प्रदान करें। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अन्य तकनीकी सहायता भी उन्हें उपलब्ध करवाई जाए। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था के संबंध में एसडीएम सिवनी मालवा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार मंच पर बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं की सुरक्षा जांच कर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्रों को स्थापित किया जाए साथ ही मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विभाजित प्रत्येक सेक्टर में भी पर्याप्त रूप से अग्निशमन यंत्र रखे जाएं तथा उनके परिचालन के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि मुख्य सभा स्थल पर विद्युत व्यवस्था चाक चौबंद रहे। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए की एसडीएम सिवनी मालवा द्वारा हेलीपैड से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक मुख्यमंत्री डॉ यादव की आगमन एवं प्रस्थान के लिए रूट चार्ट तथा मिनट टू मिनट कार्यक्रम तैयार कर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए यातायात पुलिस तथा आरटीओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार की जाए।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीती शुक्ला, नपाध्यक्ष सिवनी मालवा रीतेश जैन, रघुवीर राजपूत, जिला पंचायत सीईओ हिमांशू जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, एडिशनल एसपी अभिषेक राजन, एसडीएम सिवनीमालवा विजय राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा

**जागरण पिपरिया।** पिपरिया की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी की अदालत ने नाबालिग से रेप के आरोपी राजकुमार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 1000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसके अलावा, धारा 366 भादवि में 3 साल का कारावास और 500 रुपए का अर्थदंड भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि पीड़िता के भाई ने 12 जून 2022 को पिपरिया पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसकी 14 साल की बहन 10 जून 2022 को दोपहर करीब 1 बजे बिना बताए घर से चली गई थी। भाई को संदेह था कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने अपराध क्र. 183/22 के तहत धारा 363 भादवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने पीड़ित बालिका को बरामद कर उसका बयान दर्ज किया। बालिका ने बताया कि आरोपी राजकुमार ने उसे बहला-फुसलाकर ले गया और कई बार गलत काम किया। जांच के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने 21 गवाहों के साक्ष्य प्रस्तुत किए। कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया। मामले में विशेष लोक अभियोजक एवं एडीपीओ बाबूलाल काकोड़िया ने पैरवी की।

## टीईटी परीक्षा के संबंध में शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जागरण सिवनी मालवा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर के आह्वान पर टीईटी परीक्षा के संबंध में चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी ज्ञापन अभियान के तहत पूरे मध्य प्रदेश में एक साथ ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

इसी क्रम में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने शासकीय पीएमश्री कन्या उमा विद्यालय में विकास खंड स्तरीय पुस्तक मेला में मुख्य अतिथि के रूप पधारे विधायक प्रेमशंकर वर्मा को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर शिक्षक संघ के संतोष कुमार शर्मा एवं पदाधिकारियों ने टीईटी परीक्षा से संबंधित समस्याओं एवं शिक्षक हितों से जुड़े विषयों को विधायक के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा तथा उनसे इस विषय को शासन स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का आग्रह किया। विधायक ने भी शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित स्तर पर विषय को रखने का आश्वासन प्रदान किया।

## पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में हुए विविध आयोजन



**जागरण नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं महिला एवं बाल विकास संचालनालय के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8वां पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा की मुख्य थीम जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित की गई है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम (शहरी) अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान पोषण संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, स्थानीय महिलाएं तथा बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह को प्रारंभिक बाल्यावस्था में पोषण, देखभाल एवं जागरूकता के महत्व से अवगत कराया गया।

## गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस ने पीपल चौक पर किया प्रदर्शन

**जागरण नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी में देरी और किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने नर्मदापुरम के पीपल चौक पर 4 घंटे तक धरना



दिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिवकांत पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ता रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। धरने में पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, पुष्पराज पटेल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल सहित पिपरिया, इटारसी, सिवनी मालवा और केसला के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने के लिए भारी घेराबंदी और बैरिकेडिंग कर रखी थी। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़कर अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। पुलिस बल ने उन्हें बलपूर्वक पीछे धकेला। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह और एसडीओपी जितेंद्र पाठक को ज्ञापन सौंपा गया। 'कांग्रेस के डर से शुरू की खरीदी' धरने के दौरान जिलाध्यक्ष शिवकांत पांडे ने माखननगर के एकलव्य वेयरहाउस से चोरी हुई 4.50 करोड़ की सरकारी मूंग का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि इस घोटाले में केवल वेयरहाउस संचालक ही नहीं, बल्कि इटारसी की उस बालाजी इंडस्ट्रीज को भी आरोपी बनाया जाए, जिसने चोरी की मूंग खरीदी है।

#### जैन समाज द्वारा णमोकार दिवस पर विश्व शांति के लिए किया महामंत्र का जाप

## णमोकार महामंत्र आत्म शुद्धि का सार्वभौमिक संदेश देता है : संतोष जैन

**जागरण नर्मदापुरम।** विश्व णमोकार दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को संपूर्ण भारतवर्ष एवं विश्वभर में प्रातः 8.01 बजे से 9.36 बजे तक एक साथ सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति की कामना की गई। इस अवसर पर श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बाल ब्र. अंशु भैय्या जी के सान्निध्य में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि णमोकार महामंत्र केवल जैन धर्म का ही महामंत्र नहीं है, बल्कि यह समस्त मानवता के लिए अहिंसा, करुणा, ज्ञान एवं आत्म-शुद्धि का सार्वभौमिक संदेश देता है। उन्होंने कहा णमोकार मंत्र केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि आत्मा को ऊंचाइयों तक ले जाने वाली एक दिव्य साधना है। यह हमें सिखाता है कि व्यक्ति



नहीं, बल्कि उसके गुण महान होते हैं। जब हम इस मंत्र का जाप करते हैं, तो हम अपने भीतर छिपे अहंकार, क्रोध और मोह को धीरे-धीरे समाप्त करते हैं। यह मंत्र हमें विनम्रता, शांति और आत्मज्ञान की ओर ले जाता है। आज देश-विदेश में एक साथ णमोकार महामंत्र का जाप कर वैश्विक शांति एवं एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के सदस्यों ने सैकड़ों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### माखननगर में भी हुआ मंत्र का सामूहिक जाप

**जागरण माखननगर।** विश्व शांति एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से मनाए गए विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर बाबई स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में



गुरुवार को सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया गया। देश-विदेश में एक साथ आयोजित इस अभियान में हजारों लोगों ने भाग लेकर शांति और सद्भाव का संदेश दिया। मंदिर परिसर में प्रातः 8 बजे से 9.36 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में नवकार मंत्र का जाप कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवकार महामंत्र की शक्ति के माध्यम से जन-जन में शांति, सकारात्मकता एवं अहिंसा का संदेश पहुंचाना रहा। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने बताया कि यह मंत्र संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है तथा मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में सकल जैन समाज माखननगर के सदस्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही।

झांझ-मंजीरे बजाकर सरकार को नींद से जगाने का प्रयास, सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

# विरोधः गेहूं की बोरी कंधे पर लादकर कलेक्ट्रेट दफ्तर घेरने पहुंचे कांग्रेसी



**जागरण, हरदा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर गुरुवार को हरदा में कांग्रेसियों ने अनोखे अंदाज में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय कृषि उपज मंडी से पैदल हाथ में झांझ-मंजीरे और कंधों पर गेहूं की बोरियां लादकर कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद कांग्रेसियों ने वहीं बैठकर भजन गाते हुए सरकार पर जमकर कटाक्ष किए। जिलाध्यक्ष मोहन साई के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रमुख 7 सूत्रीय मांगें रखी गईं। ज्ञापन में समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया तुरंत शुरू करने, एक किसान से अधिकतम 100 क्विंटल की खरीद की पाबंदी हटाने, हरदा जिले में मूंग फसल हेतु 2200 क्यूसेक पानी 50 दिन तक नियमित दिये जाने, समर्थन मूल्य का भुगतान आने तक बिजली और ऋण वसूली रोकने, मंडी भाव और समर्थन मूल्य के बीच के अंतर की राशि किसानों को देने, मूंग खरीदी हेतु पंजीयन की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग की गई।

### फर्जी उद्घाटन का श्रेय लेने वाले किसानों पर चुप क्योंः दोगने

हरदा विधायक आरके दोगने ने भाजपा के स्थानीय नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेता फर्जी उद्घाटन करके श्रेय लेने में आगे रहते हैं, लेकिन किसानों की समस्याओं पर मौन क्यों हैं। जिला प्रशासन कलेक्टर कार्यालय में प्रतिबंधात्मक आदेश लगाकर जनता को आने से रोक रहा है। कलेक्टर साहब आखिर किससे डरे हुए हैं। उन्होंने महिला सब इंजीनियर मामले में पुलिस की देरी से हुई कार्रवाई पर भी सवाल उठाए।

### सरकार की कथनी-करनी उजागर करेंगेः शाह

टिमरनी विधायक अभिजीत शाह ने कहा कि 10 मार्च तक गेहूं की खरीदी शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन सरकार जानबूझकर देरी कर रही है, ताकि किसानों को व्यापारियों को सस्ते में फसल बेचनी पड़े। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांवों की चौपालों तक जाकर भाजपा की किसान विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करें।

### आमसभा के बाद निकाली रैली

इससे पूर्व कृषि मंडी में एक आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, ओम पटेल सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करते हुए सड़कों पर उतरेंगे।

# 24 घंटे के भीतर मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्यों से चढ़े हत्थे

जीजा-साले द्वारा छीने गए चार मोबाइल और पल्सर बाइक जब्त



**जागरण, हरदा।** हरदा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल स्नैचर्स पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 8 अप्रैल को शहर के चार अलग-अलग स्थानों से मोबाइल छीनने वाली वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से 1 लाख 12 हजार रुपये कीमत के मोबाइल बरामद किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फरियादी अखिलेश कड़ोले और सुभान खान की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो विशेष टीमों का गठन किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। 8 और 9 अप्रैल की दरमियानी रात खेड़ीपुरा नाके के पास चेकिंग के दौरान बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया, जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### सूरत से आकर दिया वारदातों को अंजाम

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मोहम्मद नदीम 22, निवासी देव कॉलोनी हरदा और उसका साला मोहम्मद मुस्तफा 26, निवासी सूरत गुजरात हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने बिना नंबर की बाइक का इस्तेमाल कर शहर के व्यस्त इलाकों में मोबाइल छीनने की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके पास से छीने गए चारों मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। इस त्वरित कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी की टीम ने अंजाम दिया। सफलता दिलाने वाली टीम में उपनिरीक्षक सोहन सिंह, एएसआई जितेंद्र राजपूत, संजय ठाकुर, प्रधान आरक्षक करण साहू और आरक्षक प्रदीप मालवीय, वीरेंद्र सिंह, सजन, कमलेश व शैलेंद्र का विशेष योगदान रहा।

### प्रोटोकॉल उल्लंघन की विधायक डॉ. दोगने ने की शिकायत, लिखा पत्र

**जागरण, हरदा।** विधायक डॉ रामकिशोर दोगने द्वारा मप्र विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव मप्र विधानसभा, प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन विभाग, आयुक्त नर्मदापुरम संभाग एवं हरदा कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर नगर पालिका परिषद हरदा द्वारा शासकीय निधि से आयोजित कार्यक्रम में शासकीय प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन, जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा एवं शासकीय धन के राजनीतिक दुरुपयोग करने संबंधी शिकायत की गई है। हरदा विधायक डॉ दोगने द्वारा प्रेषित पत्र में लेख किया गया है कि विधानसभा क्षेत्र हरदा अंतर्गत नगर पालिका परिषद हरदा द्वारा दिनांक 08 अप्रैल 2026 को शासकीय निधि से किये गये हरदा बस स्टैंड पुनर्निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में अत्यंत गंभीर अनियमितता एवं प्रोटोकॉल उल्लंघन किया गया है, जो न केवल प्रशासनिक मर्यादाओं का उल्लंघन हैं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के भी प्रतिकूल हैं। उन्होने उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

# प्रदर्शनः किसानों ने खाली नहर में बैठकर की नारेबाजी



**जागरण, खिरकिया।** ग्राम सारसूद, बाबडिया, पड़वा, जूनापानी, पेहेट, छिपाबड के किसानो ने मूंग की बोनी कर दी है। सिंचाई विभाग द्वारा माचक नहर पर 36 घंटे की ओसराबंदी की गई है, उसके बाद भी टेल छेत्र में पानी नहीं पहुँच पाया है, ऐसी स्थिति में किसान बहुत परेशान है। सिंचाई विभाग की लापरवाही से किसान परेशान हो रहा है। पिछले वर्ष भी 130 गेज पर टेल छेत्र के छिपाबड़ में पेहेट रोड तक पर्याप्त पानी पहुंचा था, लेकिन इस वर्ष 130 का गेज ही नहीं बना पा रहा है। हरदा जिले के खिरकिया और सिराली तहसील के किसानो के साथ भेदभाव किया जा रहा है। किसानो ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही पानी नहीं दिया जाता है तो किसानो द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर किसान बबलू पटेल, राहुल सिंह चौहान, शिवदान सिंह सोलंकी, राहुल सिंह रठुड़, बलबंत, रामबिलास, शिव चावड़ा, शंकर सिंह सोलंकी, शिवम सिंह निकुम, कैलाश कलम, गोलू सोलंकी, दीपक कलम, दुर्गेश सिंदवानिया, सतीश वशाल्या सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### बघवाड़ में गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ



**जागरण, टिमरनी।** क्षेत्र के स्टील सायलो बघवाड़ में गुरुवार को गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने फीता काटकर केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए पहुंचे किसानों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार बाजनिया समिति द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्र पर 1 किसान तथा पोखरनी समिति द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्र पर 2 किसानों से गेहूं खरीदी की गई। इस प्रकार पहले ही दिन कुल 3 किसानों से 113.77 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया। उपार्जन केंद्र प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल देखा गया।

### गणगौर महोत्सव कार्यक्रम 12 अप्रैल से



**जागरण, रहटगांव।** नौ स्वरूप देवीय एवं शक्ति मां गणगौर महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संतोष गौर कैमैया मोहल्ले में आयोजित किया जा रहा है। उत्सव 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 9 दिन तक मां रनु बाई एवं धनियर राजा की धूम मची रहेगी। रहटगांव में यह गणगौर महोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में 12 अप्रैल रविवार को खड़ा रखना एवं स्थापना से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसके लिए ग्राम के नागरिक, परिवार के सदस्य एवं महिलाएं पूजन हेतु स्थानीय होली घाट पर पहुंचेगे, जहां पर पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। प्रांगण में मां का दरबार सजाया गया है, जिसमें रात्रि में एक से बढ़कर एक मंडली आकर अपनी प्रस्तुतियां देगी। इस बार मां गणगौर पावनी के रूप में संतोष गौर के यहां पर आई है। दोपहर में क्षेत्र की महिलाएं पाती खेलने के लिए एकत्रित होकर पाती के लिए जाती है। इस उत्सव के लिए अभी से आकर्षक साज सज्जा की गई। गणगौर उत्सव के लिए कैमया परिवार के सदस्य आसपास के सभी ग्राम में निमंत्रण देने घर-घर भी पहुंचे। सभी से मां के दरबार में पहुंचने के लिए निवेदन किया।

### केंद्रीय मंत्री ने शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

**जागरण, रहटगांव।** केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने ग्राम झाड़बिड़ा स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गयाप्रसाद पांडे के निवास पर जाकर उनकी पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती रामबती बाई पांडे के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा को नमन किया और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा भी उपस्थित थे।

# रजिस्ट्री दफ्तर के बाहर भिड़ा परिवार, जमीन विवाद में भाई-बहनों में जमकर चले लात-घूंसे

स्टाम्प वेंडर की दुकान पर हंगामा, पैतृक भूमि के सौदे को लेकर आमने-सामने



**जागरण, हरदा।** जिला मुख्यालय पर गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सिटी कोतवाली थाने से महज कुछ ही दूरी पर जमीन विवाद को लेकर एक परिवार के सदस्यों के बीच सरेराह मारपीट हो गई। संकल्प अपार्टमेंट स्थित एक स्टाम्प वेंडर की दुकान पर जब परिवार के सदस्य पैतृक भूमि की रजिस्ट्री की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान भाई और बहनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मामला हाथापाई तक जा पहुँचा।

### रजिस्ट्री के दौरान उपजा दोनो पक्षों में विवाद

जानकारी के अनुसार ग्राम पानतलाई निवासी लखनलाल मालवीय अपने भाइयों कमल, दिनेश और अन्य बहनों के साथ चार एकड़ पैतृक जमीन बेचने के लिए हरदा आए थे। वे अपनी हिस्से की जमीन गांव के ही एक किसान को बेचने के लिए कागजी कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान उनकी एक अन्य बहन वसु बाई सेन निवासी जटपुरा अपने बेटे दीपक के साथ वहां पहुंचीं और जमीन बेचने का विरोध करने लगीं। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई, जिसे स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर शांत कराया।

### भाई और बहन के अपने-अपने दावे

विवाद के बाद दोनों पक्ष शिकायत लेकर थाने पहुंचे, जहाँ उन्होंने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। लखनलाल मालवीय का कहना है कि वे चार भाई और चार बहनें हैं। सभी के हिस्से में आधा-आधा एकड़ जमीन आई है। वे केवल अपना हिस्सा बेच रहे थे और वसुबाई के कोई दस्तावेज नहीं लगाए गए थे, फिर भी उनके बेटे ने आकर मारपीट शुरू कर दी। वसुबाई सेन का आरोप है कि उनके भाई और अन्य बहनें उन्हें धोखे में रखकर जमीन बेच रहे थे। उनके अनुसार आठ हिस्सों की जगह मात्र सात हिस्से कर उनके हक की जमीन को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसकी सूचना मिलने पर वे विरोध करने पहुंची थीं।

सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि यह पूरी तरह से एक पारिवारिक विवाद है। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बीच समझाइश के माध्यम से मामला सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# वन विभाग के दल ने सागौन से भरी पिकअप पकड़ी



**जागरण, सिराली।** सरकार वनों का संरक्षण करने के लिए अनेक उपाय कर रही है, लेकिन वन माफियाओं की निगाहें सरकार के पीले सोने पर जा पड़ी है। मकडाई वन परीक्षेत्र मे जंगल की अवैध कटाई चरम पर चल रही है। रात तो दूर दिन दहाड़े पिकपों में भरकर सागौन के लट्ठे खुले आम बेचे जाते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बिना किसी रोक-टोक के दिनदहाड़े सागौन की कटाई हो रही है। यह विभाग के कार्य प्रणाली पर संदेह खड़ा कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक6 अप्रैल 2026 को वन संरक्षक नर्मदपुरम अशोक कुमार के निर्देशन, वनमंडलाधिकारी हरदा सामान्य ज्योति मुडिया के मार्गदर्शन में एवं उपवनमंडल अधिकारी दक्षिण हरदा सा. राकेश लहरी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी मकडाई सामान्य के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर ग्राम भीमपुरा-मोरगढी मार्ग पर अवैध सागौन परिवहन करते हुये एक पिकअप वाहन नम्बर अस्पष्ट एवं एक मोटरसायकल क्रमांक एमपी 12 एमयू 8969 जप्त की गई, जिसमें 14 नग सागौन 2.646 घमी जप्त किया गया। मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 42500/13 दिनांक 06 अप्रैल 2026 जारी किया एवं एक आरोपी पकडा। कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक जामन्याखुर्द मो शरीफ खान वनपाल, परिक्षेत्र सहायक लाल्याचापड संतराम कलमे वनपाल, परिक्षेत्र सहायक भीमपुरा अशोक कुमार देवडा, वनरक्षक राजकुमार बैगा, वनरक्षक जामन्याखुर्द विजय रायपुरिया, वनरक्षक संजय कुचबंदिया, वनरक्षक शिवनाथ बैगा, वनरक्षक सोमलाल भुसारे एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की मजबूती को लेकर किया मंथन



**जागरण, टिमरनी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल टिमरनी में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 8 से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित हुआ, जिसका समापन गुरुवार को स्थानीय सनराइज स्कूल में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे यहां प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें। प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की रीति-नीति, कार्य पद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, सोशल मीडिया एवं आईटी का उपयोग, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं तथा भाजपा का इतिहास एवं विकास जैसे विषयों पर वरिष्ठ नेताओं एवं वक्ताओं द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं के रोजगार से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, जिला महामंत्री बसंत सिंह राजपूत, भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश सिंह सोलंकी, विनीत गीते, भाजपा मंत्री अखिलेश बांके, निशा दुबे, रुक्मणी गौर, जिला कोषाध्यक्ष समर्थ सिंहल, अभ्यास वर्ग जिला संयोजक देवीसिंह सांखला, अशोक पाराशर, उदय चौहान, दीपक नेमा, मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, महामंत्री संतोष डोंगरे एवं अंकित कनेरे सहित पार्षद, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्ग के सुचारू संचालन हेतु मंडल उपाध्यक्ष रोहित काशिव ने वर्ग नियंत्रक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नवकार महामंत्र, विश्व शांति का संदेश बना जन-जन का संकल्प



**जागरण, खिरकिया।** विश्व नवकार दिवस के अवसर पर खिरकिया में आध्यात्मिकता, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि चेतना जागरण और विश्व शांति का सशक्त वैश्विक अभियान बनकर सामने आया। प्रातः 8.01 बजे से 9.36 बजे तक जैन श्वेतांबर मांगलिक भवन में बड़ी संख्या में जैन एवं जैनेतर श्रद्धालु एकत्रित हुए और णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया। सकल जैन समाज के आव्हान पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सर्व समाज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि णमोकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पवित्र, प्राचीन और सार्वभौमिक मंत्र माना जाता है। यह ऐसा मंत्र है, जिसमें किसी देव, व्यक्ति या संप्रदाय विशेष की नहीं, बल्कि श्रेष्ठ गुणों की वंदना की जाती है। इस मंत्र का प्रत्येक उच्चारण आत्मा को शुद्ध करने, मन को शांत करने और भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला माना गया है। कहा जाता है कि यह मंत्र कर्मों की निर्जरा में सहायक होता है। मन के विकारों को शांत कर आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। भय, तनाव और अशांति को दूर कर साहस और शांति का अनुभव कराता है। निरंतर जाप से जीवन में सद्गुणों का विकास होता है। जैन आस्था के अनुसार णमोकार मंत्र का स्मरण मात्र ही व्यक्ति को सही मार्ग की ओर प्रेरित करता है और उसे आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर करता है।

**धर्म-आध्यात्म** | सुबह सामूहिक जाप, मंत्रों के रत्न से नगर में हुआ सकारात्मक ऊर्जा का संचार

# जिनालयों में गूंजा णमोकार महामंत्र, विश्व में शांति और प्राणी मात्र के कल्याण को लेकर की कामना



**जागरण, हरदा।** विश्व णमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को हरदा शहर भक्ति और आध्यात्म के रंग में सराबोर नजर आया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के वैश्विक आह्वान पर नगर के चारों प्रमुख जिनालयों में श्रावक-श्राविकाओं ने एक साथ, एक समय पर सामूहिक महामंत्र का जाप कर विश्व शांति और अहिंसा का संदेश दिया।

### गुणों की वंदना और आत्मशुद्धि का मार्ग

जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि णमोकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र है, जिसे मंत्रों का रत्न कहा जाता है। यह मंत्र किसी विशिष्ट व्यक्ति की नहीं, बल्कि अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु जैसे पंच परमेष्ठियों के श्रेष्ठ गुणों की वंदना करता है। मान्यता है कि इसी मंत्र से चौरासी लाख मंत्रों की उत्पत्ति हुई है, जो आत्मशुद्धि और मानसिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। संसार के समस्त कष्टों से पार पाने में मंत्र सहायक होता है।

### निर्धारित समय पर सामूहिक साधना

जैन समाज के सहसचिव संजय जैन ने जानकारी दी कि गुरुवार सुबह 8 बजकर 1 मिनट से 9 बजकर 36 मिनट तक नगर के सभी मंदिरों में विशेष जाप का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ध्यान, साधना के माध्यम से आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। सामूहिक जाप के दौरान जिनालयों में गूंजते महामंत्र से पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।

### एकता व सद्भाव का संदेश

महिला परिषद की सदस्य ज्योति कटनेरा ने बताया कि णमोकार महामंत्र जीवन को संतुलित बनाने का सशक्त माध्यम है। सामूहिक रूप से किए गए इस आयोजन से समाज में एकताए भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। विश्व स्तर पर मनाए गए इस दिवस के माध्यम से हरदा के जैन समाज ने मानवता और प्राणी मात्र के कल्याण की भावना को रेखांकित किया।

## न्यूज कार्नर

### मां ताप्ती घाट घोघरा में प्याऊ का शुभारंभ

**बैतूल जागरण।** भीमपुर विकासखंड अंतर्गत घोघरा स्थित मां ताप्ती तीर्थ घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह पहल मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सुश्री प्रिया चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जन आस्था सेवा समिति घोघरा द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान 15 मटकों में पानी भरकर श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए पेयजल की व्यवस्था शुरू की गई, जिससे गर्मी के मौसम में घाट पर आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन 9 अप्रैल को किया गया, जिसमें विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे एवं विकास कुमरे की उपस्थिति रही। इस दौरान समिति के सदस्यों ने मिलकर प्याऊ का निर्माण एवं संचालन सुनिश्चित किया। आयोजन में ग्राम पंचायत चौहटा पोपटी के सरपंच राम किशोर धुर्वे, सचिव पन्नालाल पंडोले, मुन्ना बारस्कर, मनीष उइके सहित जन आस्था सेवा समिति के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।प्याऊ के माध्यम से घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताया। अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे प्रयास आगे भी जारी रखने की बात कही गई।


### समाज संगठन की आम सभा 12 अप्रैल को

बैतूल। क्षत्रिय पवार समाज संगठन द्वारा 12 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे द्वारका मेरिज लान, कालापाठा (पवार भवन के पास) में आम सभा आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन के पिछले तीन वर्षों के आय-व्यय का अनुमोदन, संगठन की उपलब्धियों की समीक्षा तथा आगामी लक्ष्यों और प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। सभा में अध्यक्ष पद के लिए प्राप्त 7 आवेदनों पर आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। यदि सहमति नहीं बनती है तो निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर भी मंथन होगा।

### जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं सहकारी बैंक प्रशासक श्रीमती रजनी सिंह ने सहकारी बैंक शाखा समितियों में गबन-धोखाधड़ी के प्रकरणों से संबंधित जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गबनकर्ताओं पर निकल रही राशि को शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में ऐसे प्रकरणों की समीक्षा के दौरान संबंधित कर्मचारियों की चल.अचल सम्पत्ति की पताशाजी कर गबन राशि वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों के मामलों में समिति का पक्ष मजबूती से रखते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराया जावे और वसूली की कार्यवाही की जावे। जिन प्रकरणों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होना शेष हैए उन प्रकरणों में शीघ्र प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया उप.आयुक्त सहकारिता दिनेश चौरसिया महाप्रबंधक दिग्विजय सिंह पटेलए अन्य अधिकारी व समिति के सदस्य मौजूद थे।

### दिव्यांग बच्चों का किया शारीरिक परीक्षण



**जागरण गाड़रवारा।** स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्य प्रदेश के हेल्दी एथलीट प्रोग्राम के अन्तर्गत आज वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर सभी स्पेशल थलीट का हैल्थ चैक अप फिजियोथेरेपिस्ट, आईस, डैन्टल जिला अस्पताल के डॉ जी सी चौरसिया डॉ राहुल नेमा डॉ धीरज यादव बी एल कुशवाहा कन्चन प्रजापति नेत्र सहायक ऑडियोलॉजिस्टि राकेश लोधी हेल्प डेस्क ऊषा झारिया मेडिकल बोर्ड प्रभारी घनश्याम जाटव नकपक मेडिकल बोर्ड अभय सिंह जाट द्वारा किया गया जिसमें ब्रम्हर्षि विकास विकलांग सेवा संस्थान नरसिंहपुर के सभी बच्चे उनके अभिभावक तथा संस्था के लावण्या राजमणि दुबे विशेष शिक्षक राकेश ठाकुर डाक्टर मजहर शिवानी प्रजापति खान मीना राय चांदनी विश्वकर्मा सुनीता विश्वकर्मा कमलेश रजक ने इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाई और इस कैंप को सफल बनाया । सभी डॉक्टर्स स्टाफ अभिभावक एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# किसानों की आवाज बनी कांग्रेस, हक दिलाने के लिए किया जोरदार प्रदर्शन

## धरना प्रदर्शन कर शासन के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन





**बैतूल जागरण।** किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार 9 अप्रैल को कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। शिवाजी ऑडिटोरियम में आयोजित विशाल जनसभा के बाद हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिले की सियासत भी गर्मा गई और कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर किसानों के हक की आवाज बुलंद की।

जनसभा में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान, पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। सभा के बाद विशाल रैली निकालकर कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल के नाम आमजन से जुड़ी प्रमुख मांगे का ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि गेहूं खरीदी में देरी, समर्थन मूल्य नहीं मिलने, ओलावृष्टि से नुकसान और खाद की कमी जैसी समस्याओं से किसान परेशान हैं, लेकिन शासन स्तर पर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजबूरी में किसान अपनी उपज कम दामों पर बेचने को विवश हैं। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने किसानों और आमजन से जुड़ी कई प्रमुख मांगें रखीं। इसमें मुलताई, आठनेर, चिचोली सहित अन्य क्षेत्रों में ओलावृष्टि से खराब फसलों का सर्वे कर मुआवजा देने और रंगविहीन गेहूं की खरीदी की मांग की गई। साथ ही गेहूं का 3000 रुपये, मक्का का 2400 रुपये और सोयाबीन का 6000 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित कर खरीदी शुरू करने की बात कही गई। किसानों को 14 घंटे बिजली आपूर्ति, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, खाद-यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने की मांग भी प्रमुख रही। सहकारी ऋण वसूली की तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाने और ब्याज माफ करने, बिजली चोरी व नरवाई जलाने के नाम पर दर्ज प्रकरण खत्म करने की मांग भी उठाई गई।इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जोड़ों की संख्या बढ़ाने, मेंढा डेम प्रभावित ग्राम ढोल्यामहु के विस्थापितों के पुनर्वास और आदिवासी अंचलों में पेयजल समस्या के समाधान की मांग भी शामिल रही। ज्ञापन में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर दिए गए बयान की निंदा करते हुए उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग भी की गई।धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा, विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा, गोविंद व्यास, ब्रजभूषण पांडे, रामू टेकाम, समीर खान, लवलेश बब्बा राठौर, नारायण राव धोटे, सुभाष देशमुख, युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, पूर्व विधायक पी.आर. बोड़खे, धरमू सिंह सिरसाम, राहुल उइके, मनोज मालवे, मोनिका निरापुरे, पुष्पा पेंद्राम, डॉ. रमेश काकोड़िया, मनोज आर्य, नत्थू पोटे, संजय सरदार यादव, अनुराग मिश्रा, जैद खान, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पारधी, ओमप्रकाश दीवान, महेश थोटेकर, सोनू हरप्रीत खनूजा, नितीन गाडरे, जगदीश गोचरे, कमल नागले, महेन्द्र भारती, सप्पू खान, मोनू वाघ, नितेश साहू, राहुल छत्रपाल, मोनू बडोनिया, प्रशांत राजपूत, महेन्द्र पंडोले, मनोज कालू आहूजा, राजकुमार चौबे, पंकज वंजारे, सत्यप्रकाश रावत, निताई कर, नीरज राठौर, रूपलाल यादव, पहलवान सिंह ठाकुर, सुभाष यादव, महेश यादव, राहुल पटेल, उपेन्द्र वर्मा, राहुल इवने, पंकज रानू ठाकुर, सियाराम यादव, गोपाल आजाद, नरेश मोहरे, विजेन्द्र भावसार, बटेश्वर भारती, अजय सिंह सोलंकी, मिश्रीलाल धाकड़, भूतासिंह, सुमित शिवहरे, किशोर परिहार, लोकेश पगारिया, प्रशांत मरोठी, रवि त्रिपाठी, रामा काकोड़िया, जानी पठान, धर्मेन्द्र खाकरे, प्रेरणा शर्मा, जमन्या पंडाग्रे, तरुण मानकर, संजय मावस्कर, रवि उघड़े, प्रीतेश पटेल, सुरेश करोले, ललित यादव, शिवम दीवान, सीमा अतुलकर, राफे बक्स, वसीम खान सहित सैकड़ों किसान और कांग्रेसजन उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस के बढ़ते दाम और किल्लत के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर की अर्थी निकालकर अनोखा प्रदर्शन किया।

## जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाया जा रहा है ऑपरेशन ईगल क्लॉ

# पुलिस ने 54.1 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखे दो पैडलर्स को किया गिरफ्तार



**जागरण गाड़रवारा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में गाडरवारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 5 लाख 40 हजार रूपये कीमत की 54.1 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखे 02 स्मैक पैडलर्स को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध ऑपरेशन ईगल क्लॉ चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गाडरवारा ललित सिंह डागुर के निर्देशन तथा थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना गाडरवारा पुलिस की अलग.अलग टीमों के द्वारा 07.04.2026 को 02 ड्रग पैडलर्स के पृथक.पृथक कब्जे से कुल 5 लाख 40 हजार रूपये कीमत की कुल 54.1 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की करने में सफलता हासिल की गई । दिनांक 07.04.2026 की शाम करीबन 4 बजे गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा डमरू घाटी के बाजू में केंकरा रोड गाडरवारा में पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने वाले संदेही बाबूलाल कौरव पता छत्तर सिंह कौरव उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम बरहटा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 39 ग्राम स्मैक जिसकी कीमती करीबन 3 लाख 90 हजार रूपये है जप्त किया गया । इसी प्रकार दिनांक 07.04.2026 की रात करीबन साढ़े 11 बजे गाडरवारा पुलिस की एक अन्य टीम के द्वारा इमलिया मरघटा गाडरवारा के पास संदेह के आधार पर वीरेन्द्र भाट पिता लक्ष्मी प्रसाद भाट उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कौड़िया थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 15.1 ग्राम स्मैक जिसकी कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रूपये है जप्त किया गया । पुलिस टीमों के द्वारा आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार किया गया ।

प्रकरण में जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी बाबूलाल कौरव के द्वारा उक्त स्मैक कुछ दिन पूर्व अपने अन्य साथी से खिलचीपुर से लाना बताया। ।आरोपियों के विरूद्ध थाना गाडरवारा में एन.डी.पी.एस. एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत पृथक.पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में उप निरीक्षक अनिल कुमार भगत उप निरीक्षक अंकित रावत प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी सुजीत बागरी शिवम पटैल दीपक राजपूत महेन्द्र बावरिया अक्षय श्रीवास्तव अखिलेश पटेल यश मेहरा मोहन चौरे सोहेब खान उत्तम हरिशंकर प्रदीप गुप्ता गीता अग्रवाल की विशेष भूमिका रही ।

## साईखेड़ा नगर परिषद में शिकायत निवारण समिति की हुई बैठक



**जागरण गाड़रवारा।** जिले की नगर परिषद साईखेड़ा में शिकायत निवारण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सीवर परियोजना एवं नर्मदा पेयजल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा श्री जय प्रकाश रजक ने बताया कि नगर में जिन घरों में अब तक पानी के कनेक्शन नहीं हो पाए हैंए उन्हें चिन्हित कर शीघ्र कनेक्शन प्रदान किए जाएंगेए ताकि हर घर तक पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में परियोजना प्रबंधक पीआईयू जबलपुर श्री गोपाल गुप्ता ने कहा कि सीवर लाइन के कनेक्शनों का कार्य शेष हैए उन्हें नगर पालिका अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। साथ ही योजनाओं से संबंधित लंबित सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। बैठक में पार्षद स्थानीय जनप्रतिनिधिए पेयजल परियोजना से जुड़े ठेकेदार सामुदायिक विकास अधिकारी सुश्री अपराजिता मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## तहसील कार्यालय के सामने से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**मुलताई/ जागरण ।**

नगर मे तहसील कार्यालय के सामने फेंसिंग तोड़कर कई अतिक्रमणकारियो ने अतिक्रमण कर रखा था। वहीं कुछ वाहन चालकों द्वारा भी तहसील परिसर के सामने मुख्य मार्ग किनारे बड़े वाहन खड़े कर दिए जाते थे। गुरुवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। गुरुवार को एसडीएम राजीव कहार के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने तहसील परिसर के सामने स्थित अवैध अतिक्रमण हटाया गया।इस दौरान तहसीलदार संजय बरैया, एसडीओपी एसके सिंह और नगर पालिका के सब इंजीनियर महेश शर्मा सहित पुलिस बल उपस्थित था। प्रशासनिक टीम द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई दुकानों और ढांचों को हटाया।वहीं भविष्य मे अतिक्रमण ना हो जिसके लिए शासकीय भूमि पर तार फेंसिंग करने के नगरपालिका को निर्देश दिए। वहीं इस स्थल पर वाहन खडे करने वालो पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

## शराबबंदी के बाद भी मुलताई मे बिक रही अवैध शराब,पुलिस ने की कार्रवाई

**मुलताई/ जागरण ।**



मां ताप्ती की पवित्र नगरी होने के कारण मुलताई मे प्रदेश सरकार द्वारा शराब बंदी की हुई है।लेकिन इसके बाद भी आस पास के शराब ठेकेदार मुलताई मे गली गली अवैध रूप से से शराब बेचने वालो को शराब दे रहे है,जिससे शासन द्वारा मुलताई मे की गई शराब बंदी का उद्देश्य पूरा नही हो पा रहा है। इससे अच्छा तो यह था कि मुलताई नगर मे भी शराब दूकान के ठेके सरकार दे देती तो सरकार को करोड़ो का नुकसान नही होता। इसका प्रमाण है कि पुलिस द्वारा बुधवार को थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर मुलताई क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्यवाही कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब जप्त की है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 42.54 लीटर अवैध शराब (देशी एवं अंग्रेजी) जप्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 19 हजार 520 रुपए है। जप्त सामग्री मे 103 पाव देशी शराब एवं 43 बीयर शामिल हैं। पुलिस द्वारा आरोपी पप्पू पिता कालिया सिंह राजपूत, निवासी वलनी,जितेन्द्र उर्फ मोटू पिता अमरलाल पवार निवासी अंबेडकर वार्ड, द्यअजय पिता पंजाबराव संतापे, निवासी बूकाखेड़ी,विकास पिता विजय पवार, निवासी कामथ सोनिया पति लक्ष्मण भुमरकर, निवासी कामथ,विशाल पिता रामराव बोडखे, निवासी पारडसिंगा रूपराव पिता काष्या चढोकर, निवासी कामथ की खिलाफ धारा 34 ए आबकारी अधिनियम की तहत केस दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक सुनील सरेयाम, प्रधान आरक्षक दिनेश बर्डे, गजराज, सुशील कुमार धुर्वे, आरक्षक पुष्पा धुर्वे, अरविन्द, नरेन्द्र कुशवाह, प्रिंस, विवेक एवं महिला आरक्षक छाया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुलताई मे सकल जैन समाज ने किया नवकार मंत्र का सामूहिक जाप

**मुलताई/ जागरण ।**

नवकार मंत्र दिवस पुरे विश्व मे मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सकल जैन संघ, मुलताई द्वारा पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक नवकार मंत्र जाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुवार प्रातः 8 बजे हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया। इस दौरान मंदिर परिसर पूर्णतः भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।इस अवसर पर विद्वानों द्वारा नवकार मंत्र का महत्व एवं इतिहास बताया गया। उन्होंने कहा कि नवकार मंत्र जैन धर्म का सबसे प्राचीन एवं मूल मंत्र है, जिसे अनादि काल से अस्तित्व में माना गया है। यह मंत्र किसी एक देव या तीर्थंकर विशेष को नहीं, बल्कि गुणों की आराधना का प्रतीक है। जैन परंपरा के अनुसार, भगवान ऋषभदेव आदि समस्त 24 तीर्थंकरों ने इस सनातन सत्य को जन-जन तक पहुंचाया। वक्ताओं ने बताया कि नवकार मंत्र में भूतकाल मे हुए एवं वर्तमान काल के सभी पंच परमेष्ठी अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं साधु को नमन किया जाता है। यह मंत्र आत्मा की शुद्धि, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर निकलेगी बाइक रैली



**जागरण गाडरवारा।** कायस्थ समाज द्वारा आगामी 23 अप्रेल को समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर गत दिवस टेलीफोन एक्सचेंज के पास अरुण श्रीवास्तव के आवास पर समाज संगठन की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष अनेक कार्यक्रमों के साथ चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाने की रूपरेखा बनाई गई। जिसमें तय किया गया कि जयंती दिवस पर गंगा सप्तमीए 23 अप्रेलए गुरुवार को सुबह नौ बजे छिड़ावघाट नदी मोहल्ला स्थित चित्रगुप्त मंदिर से समाज के लोगों की बाइक रैली निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी और पूजन.अर्चनए आरती के बाद प्रसादी वितरण होगा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में श्रीकुटी गार्डन नए कॉलेज के सामने सांय चार बजे से पूजन.अर्चन उपरांत अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें प्रमुख रूप से समाज के शतायु लोगों का सम्मानए शासकीय सेवा में उल्लेखनीय सफलताए 90 प्रतिशत और अधिक अंकों से उत्तीर्ण प्रतिभावान बच्चों का सम्मान आदि किए जाएंगे। कार्यक्रम आयोजित करने युवाओं की टीम गठित की गई। जिसमें संदीप श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव सचिन श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव दिलीप श्रीवास्तव आदि को रखा गया। बैठक में सामाजिक एकता और अन्य समाज हित के विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव कुशलेन्द्र श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव राजकुमार श्रीवास्तव बृजमोहन श्रीवास्तव आशीष सक्सेना अरुण श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव संदीप खरे शिवकुमार श्रीवास्तव कुलदीप श्रीवास्तव आदि सहित कामिनी निगम मनोरमा श्रीवास्तव अभिलाषा श्रीवास्तव मोनिका खरे और समाज के युवा उपस्थित रहे। आगामी साप्ताहिक बैठक में तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

## कलेक्टर ने छात्रा को उपलब्ध कराई विजुअल किट और छड़ी, पढ़ाई में होगी सहायक




**जागरण नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के ग्राम शाहपुर की छात्रा जमना लोधी ने आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर रजनी सिंह को अवगत कराया कि वह कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत हैंए किन्तु आंखों से कम दिखाई देने के कारण उन्हें पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने छात्रा की समस्या को गंभीरता के साथ सुना और तत्काल मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। उन्होंने छात्रा जमना लोधी को विजुअल किट प्रदान की। साथ ही आवागमन में सुविधा के लिए सहायक छड़ी भी उपलब्ध कराई गई। इस त्वरित कार्रवाई से छात्रा एवं उसके परिजनों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर सहायता पहुंचेए जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकें और किसी भी प्रकार की कठिनाई उनके विकास में बाधा न बने। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 110 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सकाए उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## न्यूज कार्नर

### आज इन क्षेत्रों में 5 घंटे गुल रहेगी बत्ती

**जागरण, इटारसी।** शहर के न्यास उपकेंद्र से संचालित 11 केवी बैंक कॉलोनी फीडर पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते शुक्रवार, 10 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इस कटौती से बैंक कॉलोनी, दशमेश कॉलोनी, जाटव मोहल्ला, रॉयल स्टेट, साईं फॉर्च्यून सिटी, एलकेजी मॉल, प्रतापपुरा, गणेश नगर, महर्षि नगर, तिरुपति नगर, हरसंगत कॉलोनी, अजय वचन कॉलोनी और बागेश्वरी स्कूल के आसपास का क्षेत्र प्रभावित होगा। विद्युत कंपनी ने स्पष्ट किया है कि कार्य की अधिकता के अनुसार समय को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे अपने जरूरी कार्य समय रहते निपटा लें।

### नवागत मुख्य महा प्रबंधक का स्वागत

**जागरण, इटारसी।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन राकेश शर्मा के नर्मदापुरम वृत्त में प्रथम आगमन पर हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी अगवानी की। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और भविष्य के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत करने वालों में पुलिन शास्त्री वृत्त अध्यक्ष, एलएन रैकवार संरक्षक, लक्ष्मीकांत मुराब सह सचिव, सत्यम सिंह बघेलवाल कार्यालय मंत्री, स्नेहिल चौधरी प्रचार मंत्री, राकेश अहाके संगठन मंत्री, विवेक चतुर्वेदी एवं राजीव चौरे सह सचिव सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### अब नैनी तक ही होगी आवाजाही

**जागरण, इटारसी।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर होने वाले निर्माण कार्यों के कारण रेल प्रशासन ने 40 दिनों का ब्लॉक लिया है। इसके चलते गाड़ी संख्या 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस के टर्मिनल में अस्थाई बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन प्रयागराज छिवकी के बजाय नैनी स्टेशन तक ही संचालित होगी। संशोधित शेड्यूल के अनुसार, इटारसी से चलने वाली ट्रेन (11273) आगामी 24 अप्रैल से 2 जून तक नैनी स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 11274 आगामी 25 अप्रैल से 3 जून तक नैनी स्टेशन से ही रात 21 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे मानिकपुर से नैनी के बीच बदले हुए समय के अनुसार ही अपनी यात्रा का प्रबंधन करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

---

तौल कांटों का पूजन कर शुरू हुआ उपार्जन, 6 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

# किसान आंदोलन के दबाव और तपिश के बीच 'गेहूं खरीदी' का आगाज

### बोनस के साथ मिलेंगे 2625 रुपए

**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया आज से इटारसी में प्रारंभ हो गई है। गुरुवार, 9 अप्रैल को स्थानीय कृषि उपज मंडी खेड़ा परिसर में मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ तौल कांटों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी नीलेश शर्मा, मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने संयुक्त रूप से कांटों का पूजन किया। केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुंचे पहले किसान का फूल-मालाओं से स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल सहित मंडी स्टाफ और व्यापारी तथा किसान मौजूद रहे।

### 17 केंद्रों पर तुलाई आज से

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीलेश शर्मा ने बताया कि इटारसी अनुविभाग के अंतर्गत कुल 20 केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया था, जिनमें से फिलहाल 17 केंद्रों को स्वीकृति मिल चुकी है। शेष 3 केंद्रों की अनुमति भी शीघ्र मिलने की संभावना है।

इस वर्ष सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये तय किया है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी शामिल है। इस प्रकार किसानों को 2625 रुपये प्रति क्विंटल का लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा। प्रशासन ने इस वर्ष 6 लाख मीट्रिक टन खरीदी का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।



### किसानों की सुविधाओं का रखा विशेष ध्यान

खरीदी केंद्रों पर प्रशासन ने किसानों की सहूलियत के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था और शौचालयों की सुविधा सुनिश्चित की गई है। दूरस्थ अंचल केसला ब्लॉक के केंद्रों पर भी मौसम के अनुरूप विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। गुणवत्ता बनाए रखने फेयर एवरेज क्वालिटी (एफएक्यू) मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा, जिसके लिए सर्वेयर्स को जिला स्तर पर प्रशिक्षित किया जा चुका है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसान अपनी उपज को अपग्रेड करके भी विक्रय कर सकते हैं।

### मुख्य बिन्दु

- **समर्थन मूल्य** : 2585 रुपए + 40 रुपए बोनस = 2625 रुपए प्रति क्विंटल।
- **पंजीकृत किसान** : 6,000 से अधिक।
- **कुल लक्ष्य** : 6 लाख मीट्रिक टन।
- **खरीदी केंद्र** : 17 सक्रिय (3 प्रस्तावित)।

### अधिकारियों और कर्मचारी दल की रही मौजूदगी

शुभारंभ अवसर पर फूड इंस्पेक्टर जुबेर काजी, नान प्रभारी कमल शंकर शुक्ला, सहकारिता निरीक्षक श्री शर्मा, समिति प्रबंधक किशोर चौधरी, मंडी लेबर कंट्रेक्टर राकेश यादव, रंजीत यादव, मंडी एएसआई अनमोल सिंह, अक्षय पवार, राजेश इंगले, जित्तू ठाकुर और ललित पटेल सहित बड़ी संख्या में सोसायटियों के कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस वर्ष क्षेत्र के 34,924 हेक्टेयर रकबे में गेहूं की बोवनी हुई है, जिसके विक्रय के लिए 6 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

---

गुरुद्वारे में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

## श्रद्धा और उल्लास के साथ शहर में मनेगा बैसाखी पर्व

**जागरण, इटारसी।** शहर के जयस्तंभ चौक स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्रीगुरुसिंघ सभा में इन दिनों आध्यात्मिक रौनक देखते ही बन रही है। सिख धर्म के महान गुरु, गुरु अर्जुन देव एवं गुरु तेग बहादुर के पावन प्रकाशोत्सव तथा खालसा पंथ के स्थापना दिवस बैसाखी के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई है। भक्ति, शक्ति और सेवा के संकल्प के साथ आयोजित ये कार्यक्रम आगामी 13 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेंगे, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिरकत कर रहे हैं।



आयोजनों का विधिवत शुभारंभ मंगलवार, 7 अप्रैल को बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ किया गया। सुबह समूह साध संगत द्वारा श्रीसुखमनी साहिब के पाठ के उपरांत कीर्तन दरबार सजाया गया। इस अवसर पर हजूरी रागी जत्था भाई अजीत सिंह ने वैराग्यमयी गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर उपस्थित संगत को निहाल किया। इसी कड़ी में राजेन्द्र सिंह सलूजा परिवार द्वारा श्रीअखंड पाठ साहिब का शुभारंभ भी कराया गया, जिससे पूरा वातावरण गुरु की महिमा से सराबोर हो उठा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सेवादार सरदार जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि उत्सव के दौरान विशेष दीवान सजाए जाएंगे। आगामी 11 अप्रैल से बैसाखी उत्सव का मुख्य चरण शुरू होगा, जिसमें श्रीअखंड पाठ साहिब के साथ-साथ स्त्री सत्संग द्वारा कीर्तन किया जाएगा। वहीं 12 अप्रैल की सुबह शहर के लिए बेहद खास होगी, जब तड़के 5:30 बजे गुरुद्वारा श्रीगुरुनानकपुरा से एक विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यह प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से कीर्तन करते हुए गुजरेगी और जयस्तंभ चौक स्थित गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर विसर्जित होगी।

कार्यक्रम का मुख्य समापन 13 अप्रैल को होगा, जो बैसाखी के पावन पर्व का प्रतीक है। इस दिन श्रीअखंड पाठ साहिब के भोग डाले जाएंगे और विशेष दीवान में बठिंडा से पधारे रागी जत्था भाई लखविन्दर सिंह विशेष रूप से कीर्तन पेश करेंगे। समापन के अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। प्रबंधक कमेटी ने इस दौरान अमृत छको, सिंह सजो का संदेश देते हुए युवाओं और संगत को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। कमेटी के पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इन धार्मिक आयोजनों में सपरिवार उपस्थित होकर गुरु साहिबान का आशीर्वाद प्राप्त करें। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए गुरुद्वारा सेवादार और सिख समाज के युवा सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं, ताकि बाहर से आने वाली संगत को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

---

## सात दिवसीय परशुराम प्राकट्योत्सव 14 से, विधायक डॉ. शर्मा को दिया आमंत्रण

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव 14 से 20 अप्रैल तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस सात दिवसीय आयोजन के लिए गुरुवार को जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा के नेतृत्व में विप्र बंधुओं ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को आमंत्रण पत्र सौंपकर समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा

- >> **14-16 अप्रैल** : परशुराम भवन में खेल (शतरंज, कैरम), संगीत और महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां।
- >> **17 अप्रैल** : पुरानी इटारसी से भव्य वाहन रैली और शाम को परशुराम भवन में आनंद मेला।
- >> **18 अप्रैल** : दोपहर 4 बजे से मुख्य शोभायात्रा, विप्र मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान।
- >> **19 अप्रैल** : नेहरूगंज मंदिर में पूजन-अभिषेक एवं भोजन प्रसादी।
- >> **20 अप्रैल** : द्वारकाधीश बड़े मंदिर में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार।

आयोजन समिति के शैलेंद्र दुबे, गोपाल शर्मा, आलोक दीक्षित एवं दीपक तिवारी ने समस्त विप्र बंधुओं से इस भव्य महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

---

## माहेश्वरी समाज चुनाव : मालपानी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**जागरण, इटारसी।** माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित एक विशेष बैठक में चुनावी प्रक्रिया को संपन्न किया गया। सामाजिक मेलजोल और आपसी सामंजस्य की अपनी गौरवशाली परंपरा को बरकरार रखते हुए, समाज ने इस बार भी कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध पूरा किया। पूरी चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी हितेश चांडक एवं पर्यवेक्षक प्रहलाद बंग की प्रत्यक्ष देखरेख में हुई।

नवगठित कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से मांगीलाल मालपानी को अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके साथ ही श्रीकांत मौलासरिया को उपाध्यक्ष, रितेश माहेश्वरी को सचिव, विवेक चांडक को सह-सचिव और अर्पण माहेश्वरी को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। सामाजिक बंधुओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



संगठन के विस्तार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर चर्चा करते हुए जिला एवं प्रदेश स्तर के नामों की भी घोषणा की गई। जिला सभा के लिए इटारसी से रमेश चांडक, अनिल राठी, श्रीकांत मौलासरिया, सतीश बांगड़ एवं नितेश राठी का चयन किया गया है। वहीं, प्रदेश सभा में इटारसी का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ सदस्य मेघराज राठी करेंगे। इन नियुक्तियों से समाज के प्रशासनिक कार्यों में नई ऊर्जा आने की उम्मीद जताई गई है। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से मेघराज राठी, रमेश चांडक, प्रदीप मालपानी, अनिल राठी, विजय राठी, रवि चेचानी, गिरधारी बांगड़, प्रहलाद बंग, हितेश चांडक, ओमप्रकाश गांधी, कमल लखोटिया, सुरेश सारडा, नितेश राठी, विपिन चांडक, निलेश मालपानी, राघव राठी, नारायण चांडक और पंकज बांगड़ सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

---

## नर्मदापुरम की बेटियों का क्रिकेट में जलवा, आफिया और शुभी का नेशनल टीम में चयन, हरियाणा में दिखाएंगी दम

**जागरण, इटारसी।** खेल प्रतिभाओं के धनी नर्मदापुरम जिले के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हरियाणा में आयोजित होने वाले 'स्कूल क्रिकेट नेशनल गेम्स' के लिए स्थानीय कैडबरी क्लब की दो होनहार खिलाड़ी आफिया और शुभी सिंगारे का चयन मध्य प्रदेश की टीम में हुआ है। वहीं, वंशिका पाल का चयन स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में किया गया है।

### हरियाणा में होगा राष्ट्रीय मुकाबला

स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 29 अप्रैल से 3 मई तक हरियाणा में किया जाएगा। मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आफिया और शुभी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी का जौहर दिखाएंगी।



### उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदम

नर्मदापुरम की इन बेटियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन न केवल जिले बल्कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है। खेल जानकारों के अनुसार, इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के लिए भविष्य में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के दरवाजे खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पायदान साबित होती हैं। समाज के नागरिकों और खेल प्रेमियों ने तीनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### उपलब्धि पर कैडबरी क्लब में खुशी की लहर

इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कैडबरी क्लब और खेल जगत से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों का मानना है कि इन बेटियों की मेहनत और खेल के प्रति समर्पण ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। स्टैंडबाय में चुनी गईं वंशिका पाल की प्रतिभा को भी खेल विशेषज्ञों ने सराहा है।

---

## युकां का वार्ड-वार्ड चलो अभियान, प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों से किया सीधा संवाद



**जागरण, इटारसी।** नगर में युवा कांग्रेस का वार्ड-वार्ड चलो अभियान पूरी सक्रियता के साथ जारी है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने इटारसी के मुख्य बाजार क्षेत्र का दौरा कर व्यापारियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान व्यापारियों ने पार्किंग, सुरक्षा, साफ-सफाई और स्थानीय करों से जुड़ी अपनी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

यश घनघोरिया ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। इस दौरान मयूर जायसवाल, गोल्डी चौधरी, प्रतीक मालवीय, सौम्य दुबे, शम्मी जायसवाल, विशाल बड़कुर, संजय चौहान और गौरव राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय स्तर पर संगठन की यह सक्रियता आगामी समय में कांग्रेस की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी पकड़ को दर्शाती है।

---

## वाल्मीकि मंदिर का निर्माण कार्य हुआ तेज समाज के सहयोग से डाली मंदिर की छत

**जागरण, इटारसी।** शहर के मालवीय गंज स्थित हरिजन मोहल्ला में वाल्मीकि समाज की आस्था के केंद्र वाल्मीकि मंदिर के नवनिर्माण में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी। समाज के पटेल और पंचायत के विशेष आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग से मंदिर की सीमेंट की छत डालने का कार्य किया। इस मंदिर की नींव करीब 70 वर्ष पूर्व समाज के बुजुर्गों बालकिशन बैनीवाल, कन्हैया बासु, राजकुमार, नन्हे एवं नत्थू द्वारा रखी गई थी, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते निर्माण कार्य अधूरा था, जो अब समाज की एकजुटता से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है।



समाज के पटेल दिलीप मैना और वाल्मीकि पंचायत ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए दान राशि और श्रमदान के माध्यम से इस कार्य को गति दी। दशकों पुराने इस अधूरे सपने के साकार होने पर पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर है। समाज के लोगों ने पटेल दिलीप मैना और पंचायत के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि समाज की एकता का भी जीवंत प्रतीक है। निर्माण स्थल पर मुख्य रूप से पटेल दिलीप मैना, महेश धुरिया, पुनीत गोहर, विपिन ऊंटवाल, सचिन बासु, बल्ली टांक, मनतेश, रामू, ब्रजेश और राज बोहत सहित बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प दोहराया। छत डालने का कार्य पूर्ण होने के साथ ही अब मंदिर के फिनिशिंग कार्य की तैयारी शुरू कर दी गई है।

---

## अपर संचालक का औचक निरीक्षण, स्वच्छता और जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर दिए सख्त निर्देश

**जागरण, इटारसी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के अपर संचालक आरके कार्तिकेय ने गुरुवार को इटारसी शहर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर की स्वच्छता व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव और जल स्रोतों के संरक्षण की जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर उन्होंने कड़ी नाराजी जाहिर करते हुए अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने की सख्त चेतावनी दी।

अपर संचालक ने शहर के महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया, जिनमें मुख्य रूप से जिलवानी क्षेत्र एवं इटारसी सरोवर, अटल पार्क, जयस्तंभ चौक एवं मुख्य बाजार।



### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा, अगली बार जब मैं निरीक्षण पर आऊं, तो सभी व्यवस्थाएं पूर्ण और व्यवस्थित मिलनी चाहिए।

**अधिकारियों को सख्त हिदायत :** अपर संचालक ने स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वच्छता और विकास कार्यों को निरंतर नियंत्रित रखें। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि स्वच्छता मानकों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही मिलने पर संबंधितों पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### योजना पर विशेष फोकस

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटारसी सरोवर के निरीक्षण के दौरान श्री कार्तिकेय ने जल संरक्षण और जल स्रोतों की गहराई व स्वच्छता को लेकर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल स्रोतों का पुनरुद्धार शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

**महामंत्र** | महावीर जैन समिति सकल समाज के लोगों ने एक स्वर में नवकार मंत्र का किया सामूहिक उच्चारण

# विश्व शांति के लिए सकल जैन समाज ने किया सामूहिक जाप

**जागरण, इटारसी।** विश्व शांति और मानवता के कल्याण के उद्देश्य से आज 9 अप्रैल को समूचे भारतवर्ष के साथ इटारसी में भी विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया। श्रीमहावीर जैन समिति (सकल जैन समाज) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक स्वर में नवकार मंत्र का उच्चारण कर शांति का संदेश प्रसारित किया।

गुरुवार प्रातः ठीक 8:02 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो 9:20 बजे तक निरंतर चला। इस दौरान जैन समाज के स्त्री-पुरुषों और युवाओं ने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक शहर से विश्व शांति की सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और समाज में सद्भावना पैदा करना रहा।



### शांति और मंत्र की शक्ति के महत्व को बताया

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने नवकार महामंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अनादि मंत्र न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि समस्त जीवों के प्रति मैत्री भाव भी जागृत करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति की महत्ता को देखते हुए इस तरह के सामूहिक आयोजनों को आवश्यक बताया गया।

### बड़ी संख्या में सामाजिक जनों की उपस्थिति

इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। अध्यक्ष अनिल जैन ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इटारसी जैन समाज सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से देश और दुनिया की खुशहाली के लिए प्रार्थना करता रहा है।

---

## संघ ने की टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत आज इटारसी में शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के कार्यालय पहुंचकर उन्हें टीईटी परीक्षा निरस्त करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि इस परीक्षा से जुड़ी वर्तमान प्रक्रिया और विसंगतियां शिक्षक संवर्ग के हितों के विरुद्ध हैं, जिनका निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय अध्यक्ष केके मालवीय, मालकजी पटेल सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---


**कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

पत्र क्रमांक/रा.शा.वि./न.पा.इ/2026/236

इटारसी दिनांक 07/04/2026

//आम सूचना//

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर में भवन प्रियदर्शनीय नगर LIG-B-16 श्री जयंत मोहर्रिर पिता विश्वनाथ मोहर्रिर के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री राजेन्द्र दुबे पिता फूलचंद दुबे अपने नाम नामांतरण कराना चाहते हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है, तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी